# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email – dyregistrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक- 610/शैक्षणिक/एम0एस0यू0/2026-27 दिनांक - 04.10.26

सेवा में,

(केवल ई-मेल द्वारा)

1. शैक्षणिक समन्वयक,
   विश्वविद्यालय परिसर,
   माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
   सहारनपुर।
2. प्राचार्य/प्राचार्या
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   राजकीय, अनुदानित एंव स्ववित्त पोषित महाविद्यालय,
   जनपद - सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली।

विषय - संविधान जानो जनयात्रा 2026-27 के अंतर्गत विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित करने हेतु सहयोग एवं अनुमति प्रदान करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक, उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी, सशक्त भारत मंच के पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारतीय संविधान के प्रति समझ, नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संविधान जानो जनयात्रा 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है, जो कि स्वतः स्पष्ट है। उक्त पत्र की प्रति संलग्न कर दी गई है।

उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है उक्त पत्र के अनुसार अपेक्षित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(संलग्नक यथोपरि)

उपकुलसचिव
(शैक्षणिक)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. वित्त अधिकारी।
5. छात्र कल्याण समन्वयक।
6. गार्ड फाइल।

उपकुलसचिव
(शैक्षणिक)

Scanned with OKEN Scanner

1060/Acad/30/10/26

V.C.O/1933/22/10/26

VC MSU <vc@msuniversity.ac.in>

# Fwd: संविधान जानो जनयात्रा 2026–27 के अंतर्गत विश्वविद्यालय में संवैधानिक जागरूकता एवं नागरिक कर्तव्यों पर संगोष्ठी आयोजित करने हेतु सहयोग का अनुरोध

1 message

**Sashakt Bharat Manch SBM** <sashktbharatmanch@gmail.com>
To: "director@mnnit.ac.in" <director@mnnit.ac.in>
Bcc: vc@msuniversity.ac.in

① DR(Academic)
② Academic coord.

26 October 2026 at 13:11

सेवा में,
माननीय महोदय/महोदया,

अतिमहत्वपूर्ण

**विषय : 'संविधान जानो जनयात्रा 2026–27' के अंतर्गत विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित करने हेतु सहयोग एवं अनुमति प्रदान करने के संबंध में।**

**आदरणीय महोदय/महोदया,**

**सादर नमस्कार**

सशक्त भारत मंच की ओर से आपको अवगत कराना चाहते हैं कि युवाओं में भारतीय संविधान के प्रति समझ, नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से ***'संविधान जानो जनयात्रा 2026–27'*** का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 26 नवंबर 2026, संविधान दिवस से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2027, गणतंत्र दिवस तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी। यात्रा को नौ चरणों में विभाजित किया गया है, जिसका विस्तृत कार्यक्रम एवं मार्ग-निर्धारण संलग्न किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवाओं को भारतीय संविधान के मूल्यों, मौलिक अधिकारों, मूल कर्तव्यों, लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से परिचित कराना है। इसके माध्यम से युवाओं में संवैधानिक समझ विकसित करने, प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने तथा जिम्मेदार नागरिकता की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा।

*सशक्त भारत मंच एक स्वतंत्र, सामाजिक एवं गैर-राजनीतिक संगठन है, जिसका किसी राजनीतिक दल से संबंध नहीं है।* हमारा उद्देश्य किसी राजनीतिक विचारधारा का प्रचार करना नहीं, बल्कि संविधान के प्रति सम्मान, नागरिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना है।

इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत हम आपके प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ एक संक्षिप्त, संवादपरक एवं ज्ञानवर्धक संगोष्ठी आयोजित करना चाहते हैं।
**प्रस्तावित कार्यक्रम का प्रारूप निम्नवत् है:**

1. ***30 मिनट का व्याख्यान:*** **भारतीय संविधान, नागरिक कर्तव्यों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका।**
2. ***30 मिनट का प्रश्नोत्तर एवं संवाद सत्र:*** **विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं, प्रश्नों एवं विचारों पर चर्चा।**

इस कार्यक्रम में सशक्त भारत मंच के राष्ट्रीय संयोजक *श्री निपुण आलमबायन (शिक्षाविद्, लेखक एवं संविधान विषयक वक्ता) के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी भी सहभागिता करेंगे।

इस पहल को सफल बनाने हेतु विश्वविद्यालय से निम्नलिखित सहयोग की अपेक्षा है:

1. संगोष्ठी के आयोजन के लिए सुविधानुसार सभागार अथवा उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराना।
2. विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने में सहयोग करना।
3. राजनीति विज्ञान, विधि, लोक प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों के प्राध्यापकों को कार्यक्रम से जोड़ना।
4. विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता (DSW), संबंधित विभागाध्यक्ष अथवा अन्य उपयुक्त अधिकारी को कार्यक्रम के समन्वय हेतु नामित करना।
5. विश्वविद्यालय की सुविधानुसार कार्यक्रम की तिथि निर्धारित करने एवं आयोजन संबंधी आवश्यक समन्वय में सहयोग प्रदान करना।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस पहल पर सकारात्मक विचार करते हुए अपने विश्वविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित करने की सहमति प्रदान करने की कृपा करें। 26 नवंबर 2026 से 26 जनवरी 2027 के बीच विश्वविद्यालय की सुविधानुसार तिथि निर्धारित की जा सकती है।* हमारा प्रयास रहेगा कि कार्यक्रम यात्रा के निर्धारित चरण एवं मार्ग के अनुरूप आयोजित किया जाए।

हमें विश्वास है कि विश्वविद्यालय के सहयोग से यह पहल युवाओं में संवैधानिक जागरूकता, नागरिक कर्तव्यों की समझ और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

हम कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, यात्रा-मार्ग एवं अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा आयोजन के संबंध में आपके द्वारा नामित अधिकारी से समन्वय स्थापित करने के लिए तत्पर हैं।

आपके सकारात्मक सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा के साथ।

सादर,
**डॉ आलोक रंजन श्रीवास्तव,**
**उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी,**
**सशक्त भारत मंच**

Registrar / Acad. Coordinator / Student welfare Coordinator
For circulation & coordination of program
27/10/26 कुलपति

वेबसाइट: www.sashaktbharatmanch.org
ईमेल: sashaktbharatmanch@gmail.com
01149872435, 8800165117, 9818372668, 8081396452

॥ राष्ट्र सर्वोपरि ॥

SASHAKT BHARAT MANCH
AWARE CITIZEN - EMPOWERED NATION
संविधान • सेवा • संस्कार • समर्पण

दिनांक : 22 / 10 / 2026

**विषय:** 'संविधान जानो जनयात्रा 2026–27' के अंतर्गत आपके विश्वविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित करने हेतु सहयोग एवं आमंत्रण।

आदरणीय महोदय/महोदया,

सादर नमस्कार।

सशक्त भारत मंच द्वारा 26 नवम्बर 2026 (संविधान दिवस) से 26 जनवरी 2027 (गणतंत्र दिवस) तक उत्तर प्रदेश में 'संविधान जानो जनयात्रा 2026–27' आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य युवाओं में संवैधानिक जागरूकता, नागरिक कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना है।

इस अभियान के अंतर्गत आपके विश्वविद्यालय में 30 मिनट का व्याख्यान एवं 30 मिनट का प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित करने का प्रस्ताव है। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक व्यवस्था और जिम्मेदार नागरिकता से जोड़ना है। कार्यक्रम में सशक्त भारत मंच के राष्ट्रीय संयोजक निपुण आलम्बायन के सहभागिता करने का प्रस्ताव है।

सशक्त भारत मंच एक स्वतंत्र, सामाजिक एवं गैर-राजनीतिक संगठन है। आपसे अनुरोध है कि इस विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के आयोजन हेतु उपयुक्त तिथि एवं समय-स्लॉट निर्धारित करने, सभागार/कक्ष उपलब्ध कराने तथा संबंधित अधिकारियों के समन्वय हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने की कृपा करें।

हमें विश्वास है कि आपके सहयोग से युवाओं में संविधान के प्रति सम्मान एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

सादर,

Nipun Alambayan

**निपुण आलम्बायन**
**राष्ट्रीय संयोजक**
**सशक्त भारत मंच**

99, Bhagwan Das Apartment, Sector 28, Rohini, New Delhi-42
011-49872435
8800165117 | 9818372668
sashaktbharatmanch@gmail.com
www.sashaktbharatmanch.org

**संलग्नक:**

1. संविधान जानो जनयात्रा 2026–27 का विस्तृत कार्यक्रम।
2. सशक्त भारत मंच की परिचय-पुस्तिका।
3. श्री निपुण आलमबायन परिचय।
4. निमंत्रण पत्र




Introduction – Nipun Alambayan

Nipun Alambayan is an educationist, author, constitutional scholar, and political analyst, and serves as the National Convener of Sashakt Bharat Manch.

* ✍ He has authored books on International Relations, Indian Polity (Constitution & Governance), Internal Security, and related subjects.
* 📺 He has been a regular participant in television debates for the past five years, with 2,000+ TV debates to his credit.

Scanned with OKEN Scanner

- He has been teaching and mentoring Civil Services Examination aspirants across India for the past 13 years, covering key areas of the civil services curriculum.
- In 2016, he taught at the University of Rajasthan.
- He has also taught at various government institutions associated with Civil Services Examination preparation.
- For the past 10 years, he has been actively associated with various NGOs and social initiatives, contributing to social service and community development.

Link:


Tv Debate Link - https://youtube.com/playlist?list=PLd2C_zubO2z2544FX6pywwg9Mo9vN_g9g&si=sLBlV5HrntnRnbpQj

Podcast link - https://youtube.com/playlist?list=PLd2C_zubO2z1ar12jqcNcBNHiY96tMqcR&si=4REPkVs9SEFU6zrW


Sashakt Bharat Manch - https://youtu.be/vY7jWvAIgIg?si=WKxkr5udCrwkOcAu

Contact: 011-49872435, 9818372668, 8800165117




Scanned with OKEN Scanner




सशक्त भारत मंच.pdf

Scanned with OKEN Scanner